ज्ञानोदय विद्यालय का विवाद पहुंचा एसपी कार्यालय

▶ शिक्षकों और सपाक्स ने निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

उज्जैन। शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय, लालपुर का आंतरिक विवाद अब पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक पहुंच गया है। विद्यालय के शिक्षकों, प्रभारी प्राचार्य, छात्रावास अधीक्षक और सपाक्स संगठन के प्रतिनिधियों ने शनिवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

शिक्षकों और विद्यालय स्टाफ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कुछ अंशकालिक दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी लंबे समय से विद्यालय का माहौल खराब कर रहे हैं। उन पर शिक्षकों और अधिकारियों से अभद्र व्यवहार करने, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने, धमकी देने और झूठे मामलों में फंसाने की बात कहने जैसे आरोप लगाए गए हैं।

ज्ञापन में कहा कि इन घटनाओं से विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है और कर्मचारियों में भय का माहौल है।

प्रभारी प्राचार्य संध्या शर्मा ने कहा कि कुछ कर्मचारी वेतन बढ़ाने और स्थायी करने का दबाव बना रहे हैं, जबकि यह उनके अधिकार क्षेत्र का विषय नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें रास्ते में रोककर गालियां दी गईं और जान से मारने की धमकी भी दी गई। उनका कहना है कि इस पूरे घटनाक्रम से उन्हें मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है और वे स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। वहीं प्रभारी छात्रावास अधीक्षक जीवन चौहान ने भी आरोप लगाया कि पिछले करीब डेढ़ महीने से उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है। इस मामले में सपाक्स संगठन ने भी पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। संगठन के प्रतिनिधि राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि यदि किसी ने झूठी शिकायत की है तो उसके खिलाफ भी कानून के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। उनका कहना है कि पुलिस निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाए। इधर, थाना प्रभारी गजेंद्र पचौरिया ने बताया कि ज्ञानोदय विद्यालय से जुड़े विवाद को लेकर ज्ञापन प्राप्त हुआ है। मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अब जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि आरोपों में कितनी सच्चाई है और आगे क्या कार्रवाई की जाएगी।

विहिप मातृ शक्ति ने एक दिन में लगाए 151 पौधे

नागदा। विश्व हिन्दू परिषद मातृ शक्ति ने सेवा सप्ताह के अंतर्गत एक ही दिन में 151 पौधे लगाने का संकल्प सफलतापूर्वक पूर्ण किया। विश्व हिन्दू परिषद प्रत्येक वर्ष जुलाई माह को सेवा सप्ताह के रूप में मनाता है। इसी क्रम में पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण एवं स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संगठन के कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर सेवा संकल्प निभाया।

यह अभियान मातृ शक्ति प्रांत संयोजिका आरती जायसवाल एवं जिला संयोजिका रेनू चौधरी के मार्गदर्शन में नागदा, खाचरौद एवं उन्हेल प्रखंडों में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान मातृ शक्ति एवं विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर दुर्गावाहिनी जिला संयोजिका रानी व्यास, नागदा प्रखंड संयोजिका संध्या खेरवार, सीमा चौहान, कांता शर्मा, रंजना लोधी, कला जायसवाल, नमिषा, विहिप जिला अध्यक्ष ओजेस सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र आंजना, जिला मंत्री जितेंद्र पांचाल, जिला संयोजक महेश आंजना, प्रखंड मंत्री कृपाल सिंह तंवर, सुरक्षा प्रमुख नरेंद्र माली, प्रखंड संयोजक आकाश राव, मोहित पोरवाल, बाबूलाल शर्मा, महेश पांचाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी डीके चौधरी ने दी।

एक नजर में

प्राध्यापक संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा 6 सूत्रीय ज्ञापन

उज्जैन। प्रांतीय शासकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ ने शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को 6 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इसमें प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों, ग्रंथपालों और क्रीड़ा अधिकारियों की वर्षों से लंबित मांगों के जल्द निराकरण का आग्रह किया गया है। संघ का कहना है कि बार-बार ज्ञापन देने और चर्चा के बावजूद विभाग स्तर पर इन न्याय संगत मांगों का समाधान नहीं किया जा रहा है। ज्ञापन संघ के प्रांतीय अध्यक्ष प्रो. आनंद शर्मा और संरक्षक प्रो. कैलाश त्यागी के मार्गदर्शन में उज्जैन संभाग अध्यक्ष डॉ. मोहन निमोले और अजाक्स उच्च शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार मालवीय द्वारा मुख्यमंत्री को सौंपा गया। इस अवसर पर डॉ. दिलीप सोनी और डॉ. जीएल खागोड़े भी उपस्थित रहे। संघ द्वारा सौंपे गए मांग पत्र में मुख्य रूप से वर्ष 2004 और 2005 में नियुक्त बैकलॉग सहायक प्राध्यापकों की परिवीक्षा अवधि नियुक्ति दिनांक से दो वर्ष बाद समाप्त कर करियर प्रोन्नति का लाभ देने तथा योग्यता अर्जित न कर पाने वाले सहायक प्राध्यापकों को वर्ष 2028 तक का अवसर देने की मांग की गई है। इसके साथ ही क्रीड़ा अधिकारियों व ग्रंथपालों को सहायक प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक और प्राध्यापक का पदनाम देते हुए सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने और यूजीसी नियमों के तहत पे-मैट्रिक्स-14 का लाभ देने का मुद्दा उठाया गया है। संघ ने वर्ष 2009, 2011 और 2019 में नियमितीकरण से वंचित सहायक प्राध्यापकों की परिवीक्षा अवधि समाप्त कर उन्हें शीघ्र करियर एडवांसमेंट का लाभ देने तथा छानबीन समिति की बैठक प्रति सप्ताह विषयवार आयोजित करने की मांग रखी है। इसके अलावा पात्रता के अनुसार सहायक और सह-प्राध्यापकों को पदनाम देने, सेवानिवृत्त शिक्षकों के पेंशन, वेतन निर्धारण, अर्जित अवकाश व समूह बीमा भुगतान को प्राथमिकता से निपटाने और पिछले 10 वर्षों से लंबित परामर्शदात्री समिति की बैठक सामान्य प्रशासन विभाग के नियमानुसार जल्द आयोजित करने की मांग भी ज्ञापन में प्रमुखता से शामिल है।

एक हजार वर्ष पुराने सती गेट से अतिक्रमण हटाने की मांग

उज्जैन। शहर की ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजने और सुंदरता बढ़ाने के लिए राजा भोज द्वारा बनाए गए एक हजार साल पुराने सती गेट के आसपास से संपूर्ण अतिक्रमण हटाने की मांग जोर पकड़ रही है। सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर चल रहे विकास कार्यों के तहत इस प्राचीन गेट को भव्य स्वरूप दिया जाना है, लेकिन एक स्थानीय भाजपा नेता की हठधर्मिता के कारण यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट अटक गया है। उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र गब्बर कुवाल ने बताया कि सती गेट उज्जैन की प्राचीन धरोहर और आकर्षण का केंद्र है। लोगों की मांग है कि सती गेट के आसपास का पूरा अतिक्रमण तुरंत हटाया जाए ताकि इसका ऐतिहासिक स्वरूप निखर कर सामने आए। इसे इस तरह से विकसित किया जाना चाहिए कि यह पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने और शहर की सुंदरता में चार चांद लगाए। इस हजार साल पुराने गेट के सौंदर्यीकरण और कंठाल से छत्रीचौक तक चल रहे मार्ग चौड़ीकरण में भाजपा नेता रूप पमनानी का अतिक्रमण सबसे बड़ी बाधा बना हुआ है। विकास के लिए जहां आम शहरवासी स्वेच्छा से अपनी संपत्तियां छोड़ रहे हैं। वहीं पमनानी अपने मकानों और दुकानों को हटाने का लगातार विरोध कर रहे हैं। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बावजूद सती गेट के पास स्थित इन मकानों पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। स्थिति यह है कि नाली का निर्माण भी इन मकानों को छोड़कर किया गया है। राजेंद्र कुवाल के अनुसार सती गेट महाकाल सवारी मार्ग का अहम हिस्सा है। शहरवासियों का मानना है कि यदि बिना किसी भेदभाव के अतिक्रमण हटाकर सती गेट के दोनों ओर एक समान चौड़ीकरण किया जाए, तो न केवल इस प्राचीन गेट का स्वरूप संतुलित और भव्य दिखेगा, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए पूरा सवारी मार्ग भी आकर्षक और सुगम हो जाएगा।

अर्जी वाले हनुमान मंदिर में बनेगा जोशी का स्मारक

उज्जैन। अमर शहीद पं. बलराम जोशी की 27वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शहीद पार्क स्थित स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान यह घोषणा की गई कि शहर के अर्जी वाले हनुमान मंदिर परिसर में अमर शहीद बलराम जोशी का भव्य एवं दिव्य मंदिर रूपी स्मारक स्थापित किया जाएगा। कार्यक्रम में संतों, साहित्यकारों और देशभक्तों ने शहीद को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में महामंडलेश्वर गुरु मां आनंदमयी ने भावुक होते हुए कहा कि बलराम जोशी देशभक्ति के नायाब हीरे थे। देश की रक्षा के लिए आज हर घर में बलराम जैसे वीर का होना आवश्यक है। स्वामी मुस्कुराके ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हम दिव्य नहीं हैं दिनकर से, लेकिन छोटी सी चिंगारी हैं, हम जहां खड़े हैं वहीं राष्ट्र की अस्मत के पुजारी हैं। एक सिपाही अपनी महबूबा रूपी बंदूक को देश की रक्षा के लिए सदैव साथ रखता है।

नागदा की 18वीं पारंपरिक चुनरी यात्रा निकलेगी 23 अगस्त को

नागदा। धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और जनकल्याण का प्रतीक नगर की 18वीं पारंपरिक चुनरी यात्रा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष 23 अगस्त 2026, रविवार पवित्रा एकादशी पर भव्य एवं आकर्षक स्वरूप में निकाली जाएगी। यात्रा को लेकर सामाजिक समरसता मंच एवं चुनरी यात्रा आयोजन समिति की बैठक महिदपुर रोड स्थित पंकज नामदेव के प्रतिष्ठान पर आयोजित हुई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यात्रा की तैयारियों के प्रथम चरण के रूप में 12 जुलाई, रविवार को प्रातः 11 बजे पुराना बस स्टैंड से आयोजन समिति के सदस्य दिव्य कलश लेकर माँ चंबल के पावन तट पर पहुंचेंगे। यहां विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर माँ चंबल को चुनरी यात्रा का निमंत्रण अर्पित किया जाएगा। साथ ही उत्तम वर्षा, क्षेत्र की समृद्धि, किसानों की खुशहाली, उत्कृष्ट कृषि उत्पादन, आर्थिक उन्नति तथा वर्षभर पर्याप्त जलापूर्ति की मंगलकामना की जाएगी। आयोजन समिति ने बताया कि 18वें वर्ष में प्रवेश कर रही चुनरी यात्रा के अवसर पर 23 अगस्त को पवित्रा एकादशी पर भगवान शिव का वर्षा के अमृत जल से दुग्धाभिषेक एवं जलाभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात नगर में विशाल चल समारोह चुनरी यात्रा के साथ चंबल तट पहुंचकर मां चंबल का 11 लीटर दुग्ध से अभिषेक कर उन्हें श्रद्धापूर्वक 251 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की जाएगी।

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता रहने की संभावना है। शीघ्र ही अगली कड़ी में सभी नगरवासी, सामाजिक संगठन, महिला संगठन, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन को आयोजन की सफलता एवं सहभागिता के लिए आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में सामाजिक समरसता मंच के संरक्षक गिरधारी सिंह शेखावत, राजेंद्र कांठेड़, गुलजारीलाल त्रिवेदी, पंकज नामदेव, गोपाल सलूजा, हरचरण सिंह चावला, भरत पाटीदार, कमलेश शुक्ला, अशोक शर्मा, गिरधारी चौधरी, निलेश मेहता एवं चेतन नामदेव सहित आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। जानकारी निलेश मेहता ने दी।

सम्राट विक्रमादित्य विवि में तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का समापन

उज्जैन। सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शैक्षणिक वातावरण से अवगत कराने के लिए आयोजित तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का शुक्रवार को समापन हो गया। छात्र कल्याण विभाग द्वारा 8 से 10 जुलाई तक चले इस आयोजन में नवागंतुक विद्यार्थियों को विवि की कार्यप्रणाली, अनुशासन और उपलब्ध संसाधनों की जानकारी दी गई। कृषि अध्ययनशाला के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि दीक्षारंभ एक नए संकल्प की शुरुआत है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी और नवाचारी कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करना है।

चार महीने से फरार बदमाश गिरफ्तार

महिदपुर। एसडीओपी ज़ेंडेन लिंगज़ेरपा के मार्गदर्शन में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी व अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तारतम्य में थाना प्रभारी महिदपुर अशोक पाटीदार के नेतृत्व में टीम गठित कर करीब 04 माह से फरार आरोपी मोईन को गिरफ्तार किया।

23 फरवरी 2026 को आरोपी मोईन शाह पिता मोईउद्दीन शाह फकीर मोहल्ला महिदपुर व उसके 3 अन्य साथियों द्वारा स्वयं को महिदपुर का किंग बताकर फरियादी अब्दुल वहाब उर्फ अब्दुल्ला पिता मुजम्मिल शाह निवासी फकीर मोहल्ला महिदपुर को बोले यदि तुझे महिदपुर में रहना है तो हम लोगों को हमारे घर पर लगे सीटीटीवी कैमरों के मेंटनेंस का खर्चा देना पड़ेगा व अभी 10 हजार रुपए दे। नहीं देने पर पर गाली गलौज कर मारपीट की। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना महिदपुर में आरोपीगणों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया।

दौराने विवेचना करीब 04 माह से फरार आरोपी मोईन शाह पिता मोईउद्दीन 24 साल को गिरफ्तार कर न्यायालय से एक दिन का पुलिस रिमाण्ड लिया गया। बाद आरोपी को न्यायालय महिदपुर में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। उक्त प्रशंसनीय कार्य में थाना महिदपुर पुलिस टीम निरीक्षक अशोक पाटीदार, उपनिरीक्षक सुखसेन अरियाम, प्रधान आरक्षक विजयसिंह, आरक्षक आदिराम, आरक्षक राघव, आरक्षक गोविन्द, आरक्षक मोसीम, महिला आरक्षक निकिता तिवारी, आरक्षक समरथ पाटीदार की सराहनीय भूमिका रही।

विश्व जनसंख्या दिवस अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिला स्तर पर आयोजित जनजागृति रैली

उज्जैन। विश्व जनसंख्या दिवस अभियान के अन्तर्गत अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जिला स्तर पर जनजागृति रैली का आयोजन गत दिवस किया गया।

रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा हरी झंडी दिखाकर आरंभ किया। रैली कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से आरंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरी। इस अवसर पर डॉ. मंजुषा पिप्पल, जिला परिवार कल्याण अधिकारी, डॉ. सुनीता परमार, जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी, डॉ. शिव मेन्या, डॉ. आदित्य माथुर, ऐपिडियामियोलॉजिस्ट, दिलीप वसुनिया सहायक कार्यक्रम प्रबंधक, विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी व शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, उज्जैन की छात्राऐं शामिल हुई। रैली मे नर्सिंग की छात्राओं द्वारा हाथों में तख्तियां लेकर विश्व जनसंख्या दिवस अभियान एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया जा था। सीएमएचओ ने बताया कि 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस पर 18 जुलाई तक विश्व जनसंख्या दिवस अभियान चलाया जाएगा। इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस अभियान थीम इस प्रकार है मां और बच्चे की अच्छी सेहत से लिए गर्भधारण के लिए सही समय तथा गर्भावस्था के मध्य सही अंतर रखा जाना जरूरी है। अनचाहे गर्भधारण से बचें इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस अभियान का नारा है जब तक बच्चों में सही अंतरा, परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल।

परिवार नियोजन यूनिवर्सल हेल्थ केयर प्राप्त करने की महत्वपूर्ण कड़ी है। हमारा प्रदेश भी जनसंख्या स्थिरीकरण के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। परिवार नियोजन की सेवाओं की पहुंच जन समुदाय को ना होने के कारण अवांछित गर्भधारण में वृद्धि के कारण मातृ मृत्यु दर, स्वास्थ्य संबंधी जटिलता और नवजात के स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। परिवार नियोजन की सेवाएं मुख्य रूप से आधुनिक लघुकालीन और दीर्घकालीन गर्भनिरोधकों, स्थायी परिवार नियोजन साधनों और सेवाएं प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करती है।

सीएमएचओ ने किया आंगनवाड़ी में नियमित टीकाकरण सत्र का औचक निरीक्षण

उज्जैन। स्वास्थ्य सेवाओं एवं टीकाकरण सेवाओं की बेहतर प्रदायगी के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा गत दिवस नागदा तहसील के वार्ड क्रमांक-27 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-62. आजादपुरा में आयोजित नियमित टीकाकरण सत्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रोटोकॉल अनुसार शत-प्रतिशत नियमित टीकाकरण सुनिश्चित करने व कोई भी पात्र हितग्राही टीकाकरण से वंचित न रहे। हर गर्भवती महिला एवं शिशु तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समय पर पहुंचाने हेतु निर्देश दिये गये। स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया कि सभी हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान कर उनका समुचित प्रबंधन एवं नियमित फॉलोअप करें। गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन कर अनमोल पोर्टल पर शत-प्रतिशत एवं समयबद्ध प्रविष्टि सुनिश्चित की जायें। टीकाकरण सत्र में आने वाली गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करने तथा घर पर प्रसव की संभावनाओं को पूर्णतः समाप्त करने हेतु व्यापक जनजागरूकता एवं नियमित परामर्श प्रदान किया जाए।

विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में हो रहे लगातार आयोजन

बढ़ती आबादी पर नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग ने निकाली रैली

बड़नगर। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक पटेल के निर्देशन एवं प्रमुख विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजेंद्र अजनार के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा एक विशाल जन जागृति रैली का आयोजन किया गया।

इस रैली का मुख्य उद्देश्य आम जनता को बढ़ती जनसंख्या के प्रति जागरूक करना और परिवार नियोजन के साधनों की जानकारी देना था। रैली का शुभारंभ डॉ. विजय मालवीय एवं डॉ. गुलाम नबी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह रैली फार्मासिस्ट कन्हैया लाल वर्फ़ा के संचालन में नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। रैली को संबोधित करते हुए डॉ. सुयश श्रीवास्तव ने कहा आज हमारा देश जनसंख्या के मामले में विश्व के सभी देशों को पीछे छोड़ चुका है। हमारे पास दुनिया की जमीन का सिर्फ 2.4 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि आबादी विश्व की 17.5 प्रतिशत है। इस असंतुलन के कारण हमें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जनसंख्या स्थिरीकरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए अपील की कि लड़की की शादी की उम्र कम से कम 19 वर्ष करें। साथ ही उन्होंने बताया कि बच्चों में सुरक्षित अंतराल रखने के लिए शासकीय अस्पतालों में कॉपर टी, खाने वाली गोली और अंतरा इंजेक्शन जैसे कई साधन निशुल्क उपलब्ध हैं। रैली को प्रभारी बी.ई.ई. दिनेश कुमार पंचोली ने भी संबोधित किया। इस जागरूकता अभियान में जगदीशचंद्र परमार (सैक्टर सुपरवाइजर, लोहाना), समस्त आशा सुपरवाइजर, क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता और आउटसोर्स कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

एक नजर ▶ कुशीनगर में श्रामणेर पब्बज्जा शिविर का भव्य शुभारंभ

उज्जैन समेत कई शहरों में लगा एक दिवसीय शिविर

उज्जैन। श्रीलंका बुद्ध विहार और भारत श्रीलंका फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में भगवान बुद्ध की निर्वाण स्थली कुशीनगर में श्रामणेर पब्बज्जा शिविर की शुरुआत हुई है। यह सात दिवसीय शिविर 10 जुलाई से 17 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। पावन अवसर पर भिक्खु नन्दरतन महाथेरो का जन्मोत्सव भी उल्लास के साथ मनाया।

थेरवाद बौद्ध परम्परा के अंतर्गत शिविर के सभी प्रतिभागियों को पंचशील और त्रिशरण से अवगत कराया गया। चीवर देने और भिक्खु बनने की प्रारंभिक प्रक्रिया को ठीक से समझाने के लिए प्रतिभागियों को सफेद वस्त्र प्रदान कर निष्क्रमण के 8 शील दिए गए। शिविर में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और कैमूर बिहार से अनेक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें बीना मध्य प्रदेश के किशन अग्रवाल सहित जगदेव सिंह, प्रदीप शास्त्री, उत्कर्ष, दीपांशु, निर्मल बौद्ध, विकास कुमार, अमित कुमार गौतम, राम समुझ, पारस नाथ, राम नयन, बैजनाथ बाबवा, बलीराम, अंश, रवीन्द्र नन्दलाल, राम निवास कुशवाह, युगल किशोर, शाक्य परमात्मा मौर्य, राधेश्याम मौर्य, रामनरायन, अश्व वर्धन कुशवाह, चन्द्र शेखर प्रसाद और आयुष वर्धन प्रमुख रूप से शामिल रहे।

उज्जैन में एक दिवसीय शिविर और पुस्तकों का विमोचनः सह-आयोजक भिक्खु डॉ. सुमेध थेरो ने बताया कि श्रामणेर प्रशिक्षण के तहत हाल ही में देश के विभिन्न हिस्सों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी श्रृंखला में भारत श्रीलंका फाउंडेशन के तत्वावधान में उज्जैन, दतिया, चेन्नई और दिल्ली में एक दिवसीय शिविर आयोजित कर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

एनडीआरएफ ने किया मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम

उज्जैन। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की 11वीं बटालियन के मनोज कुमार शर्मा उप महानिरीक्षक के दिशा निर्देशन में एक उप-टीम द्वारा गत दिवस उज्जैन के शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, संदीपनी नगर, में एक दिवसीय स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम निरीक्षक, जीडी श्रीनिवास मीना के नेतृत्व में कुल 9 बचावकर्मियों की टीम द्वारा संचालित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को आपदाओं के प्रति जागरूक करना और आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षक कौशल सिखाना था। कार्यक्रम के दौरान एनडीआरएफ की टीम ने निम्नलिखित विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण और प्रदर्शन दिया। आपदा का अर्थ, उसके प्रकार और एनडीआरएफ की भूमिका। सीपीआर, एफबीएओ, रक्तस्राव को नियंत्रित करना, ड्रेसिंग और बैंडेजिंग। इम्प्रोवाइज्ड स्ट्रेचर बनाना, आपातकालीन और गैर-आपातकालीन स्थिति में घायल को ले जाने के तरीके, और फ्लोटिंग डिवाइस का उपयोग। भूकंप ड्रिल, सांप के काटने पर प्राथमिक उपचार और आकाशीय बिजली से सुरक्षा। फायर एक्सटिंग्विशर (अग्निशामक यंत्र) का सही उपयोग। विद्यालय प्रधानाचार्या पदम सिंह चौहान की उपस्थिति में कार्यक्रम किया गया।